University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

# University in News on 28 June 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 7

# लविवि : कॉलेजों के केंद्रीकृत प्रवेश के लिए कमेटी गठित

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने सहयुक्त महाविद्यालयों में केंद्रीकृत प्रवेश की व्यवस्था के लिए कवायद तेज कर दी है। शनिवार को सहयुक्त महाविद्यालयों के साथ प्रवेश और परीक्षा की तैयारियों की ऑनलाइन समीक्षा बैठक में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि कॉलेजों के आग्रह पर इस व्यवस्था के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**कुलपति ने कॉलेजों के साथ की प्रवेश व परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा**

उन्होंने 07 जुलाई से प्रस्तावित परीक्षाओं के लिए तैयारियां समय से पूरा करने का निर्देश दिया। कुछ कॉलेजों ने कोरोना संक्रमण के मद्देनजर किसी आपात परिस्थिति में क्या तात्कालिक कदम उठाए जाएं, इस पर जानकारी चाही। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने कहा कि कॉलेज इसके लिए चिंतित न हों। इस पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### वेतन में बरतें पारदर्शिता

डीन कॉलेज डवलपमेंट काउंसिल प्रो. अवधेश त्रिपाठी ने महाविद्यालय में कार्यरत अनुमोदित शिक्षकों के वेतन में पारदर्शिता बरतने का निर्देश कॉलेजों को दिया। उन्होंने कहा कि इस बारे में कई शिकायतें मिली हैं। कॉलेज अपने स्तर पर पारदर्शी तरीके से इसका निस्तारण करें। ताकि विश्वविद्यालय को इसमें किसी तरह की कार्रवाई की जरूरत न पड़े। बैठक में कुलानुशासक प्रो. दिनेश कुमार समेत लगभग सभी कॉलेजों के प्रतिनिधि शामिल हुए। डॉ. गीतिका टंडन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### चार जुलाई तक भरें फार्म

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालय के विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने का एक और मौका मिला है। विद्यार्थी चार जुलाई तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि स्नातक सम सेमेस्टर, पीजी, प्रबंधन, पीजी डिप्लोमा, लॉ, बीकॉम ऑनर्स, बीसीए, एमसीए, बीएससी-एमएससी एजी व अन्य सेमेस्टर पाठ्यक्रमों केनियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व इक्जेम्पटेड परीक्षा के विद्यार्थी 04 जुलाई तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए नैड आईडी अनिवार्य है। विवि के सभी विभाग व सहयुक्त कॉलेज विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म 06 जुलाई तक परीक्षा विभाग को अवश्य उपलब्ध कराएं। विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 07 जुलाई से प्रस्तावित हैं।

### 39 केंद्रों पर होगी बीएड सेमेस्टर परीक्षा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपनी यूजी-पीजी परीक्षाओं के क्रम में शनिवार को बीएड सेमेस्टर परीक्षा केंद्रों की भी सूची जारी कर दी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार मई-जून सेमेस्टर परीक्षा इस बार 39 केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में बताया कि बीएलएड की परीक्षा 10 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्रों की सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई। विद्यार्थी इसके अनुसार अपनी परीक्षा में शामिल हो।

# पत्रिका ने देश के शीर्ष 10 विधि संस्थानों में लविवि के विधि संकाय को भी चुना

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। मशहूर पत्रिका ने लविवि के विधि संकाय को देश के शीर्ष 10 लॉ स्कूलों में चुना गया है। विधि संकायाध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह ने कहा कि लविवि के विधि संकाय से हर साल काफी छात्र न्यायिक सेवा में चुने जाते हैं। देश के साथ ही विदेशों में इसके छात्र उच्च पदों ओर आसीन हैं।

## NBT Page 3

**लखनऊ विश्वविद्यालय**

# 4 जुलाई तक परीक्षा फॉर्म भरने का मौका

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरने की तारीख चार जुलाई तक बढ़ा दी है। अभी तक 26 जून फॉर्म भरने की अंतिम तारीख है। वहीं, स्टूडेंट्स जुलाई तक अपना परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे और छह जुलाई तक तक सभी सम्बद्ध कॉलेजों को जमा करना होगा।

**सेमेस्टर परीक्षा का शेड्यूल जारीः** वहीं, एलयू ने बीवीए, बीएफए, एमवीए की सेमेस्टर परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। साथ ही बीएड, बीएलएड की सेमेस्टर परीक्षा के केंद्रों की सूची भी जारी कर दी है। स्टूडेंट्स विवि के वेबसाइट पर शेड्यूल देख सकते हैं।



## TOI Page 3

# LU shares pandemic protocol for exams

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Despite protests by students and teachers, the Lucknow University called a meeting of principals of its associated colleges to discuss Covid-19 safety norms at examination centres on Saturday.

The dean of the college development council conducted an online meeting with principals of all associated colleges regarding preparations and safety norms to be followed during the examinations scheduled to begin from July 7.

"The teachers were told how to conduct examinations during the pandemic and how safety norms have to be followed in the examination hall," said LU spokesperson Durgesh Srivasatva.

Principals of around 160 colleges attended the meeting and shared that the university conveyed that a chart will be given to them on how to make students sit during examinations and ensure use of sanitizer, mask and thermal scanning.

File photo



SAFETY FIRST

## HINDUSTAN Page 5 & 7

# एलयू :4 जुलाई तक भरें परीक्षा फार्म

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि बढ़ा दी। छात्र अब 26 जून के स्थान पर 4 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

कोरोना और परीक्षा फार्म भरने में आ रही दिक्कतों के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। यह आवेदन अप्रैल-मई 2020 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए हो रहे हैं।विश्वविद्यालय ने साफ किया है कि विश्वविद्यालय परिसर के छात्रों को सिर्फ ऑनलाइन फार्म जमा करना है। उन्हें परीक्षा शुल्क नहीं जमा करना है। विश्वविद्यालय के बैकपेपर, इम्प्रूवमेंट, इक्जम्प्टेड छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरकर परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। उसके बाद स्नातक के छात्र संकायाध्यक्ष और परास्नातक के छात्र विभागाध्यक्ष के पास फार्म जमा करेंगे। सभी संकायाध्यक्षों को 6 जुलाई तक इसकी सूची परीक्षा विभाग में जमा करनी होगी। महाविद्यालयों को भी 6 जुलाई तक सूची उपलब्ध कराने को कहा गया है।

# एलयू : बीएड व बीएलएड परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड और बीएलएड की सेमेस्टर परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी कर दी है। बीएड सेमेस्टर परीक्षा के लिए 39 केन्द्र बनाए गए हैं। वहीं, बीएलएड की परीक्षा 10 केन्द्रों पर कराने की तैयारी है। परीक्षा केन्द्रों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड की गई है।